हमारे पैरामाटा नाइट मार्केट के बारे में अपने विचार बताएं

PARRAMATTA NIGHT MARKET

पैरामाटा सिटी सीबीडी में एक नाइट मार्केट का परीक्षण करने पर विचार कर रही है और हम एक ऐसा कार्यक्रम आयोजित करने में आपकी मदद चाहते हैं, जहाँ हर कोई आना चाहेगा।

हो सकता है आप चहल पहल से भरपूर, ताज़ा उत्पादों और स्वादिष्ट भोजन वाले पंक्तिबद्ध स्टालों से सजे नदी तट को देखना पसंद करते हों।

क्या हम प्रिंस अल्फ्रेड स्क्वायर का स्ट्रीट कार्निवल-स्टाइल में कायाकल्प करें, जिसमें घुम्मकड़ कलाकार, राइड और सस्ता बाज़ार हो, जहाँ आपको अनूठी वस्तुओं का खज़ाना मिल सके?

क्या आप स्थानीय शिल्पियों द्वारा बनाई गई कला, शिल्प और घरेलू सजावटी वस्तुओं की गैलरी में परिवर्तित जुबली पार्क में घूमना पसंद करेंगे?

क्या आप सेंटेनरी स्क्वायर को पुराने फैब्रिक, पुराने ज़माने के कपड़ों और नवीनीकृत घरेलू सामानों वाली नई पसंदीदा जगह बनते देखना चाहेंगे, जो आपके अंदर छुपे किफायत पसंद खोजी और खरीदार को आमंत्रित करे?

ऐसे बाजार के बारे में आप क्या सोचते हैं जहाँ खाना पकाने के प्रदर्शन, फ़ूड ट्रक और बेक की गयी वस्तुओं के साथ-साथ हर महीने बदलते स्वाद के थीम सहित शानदार भोजन हो?

क्या हमें लाइव संगीत मनोरंजन और डांस फ्लोर चाहिए, या एक आराम करने वाली जगह और बच्चों का क्लब बनाना चाहिए?

काउंसिल की यह जानने में रुचि है कि आप नाइट मार्केट में क्या देखना और करना पसंद करेंगे, हमें स्ट्रीट स्टाल कहाँ और कब लगाने चाहिए और आप किस तरह के सामान देखना और खरीदना चाहेंगे।

काउंसिल के एंगेजमेंट पोर्टल **oursay.org/cityofparramatta** पर ग्रे रंग के 'अपनी बात कहें' बटन पर क्लिक कर हमारे 5-8 मिनट के सर्वे के माध्यम से अपने विचार साझा करें।

अपने विचार हमसे साझा करने के लिए आप ड्रा में भाग लेकर हमारी ओर से धन्यवाद के तौर पर $ 50 के पाँच वाउचरों में से एक वाउचर जीत सकते हैं।

अपने विचार जमा कराने का अंतिम समय सोमवार **23 सितंबर 2019** को सुबह **9** बजे तक है।

CITY OF PARRAMATTA

अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

काउंसिल पैरामाटा में नाइट मार्केट बनाए जाने पर विचार क्यों कर रही है?

पैरामाटा सिटी में लगातार उन आयोजनों और गतिविधियों की समीक्षा हो रही है, जो किसी शहर को जीवंत बनाने में योगदान देती हैं और हमारे विविध समुदाय को आपस में जोड़ती हैं। विविध गतिविधियों वाली जीवंत नाइट इकोनॉमी बनाने के हमारे काम के भाग के तौर पर काउंसिल श्रमिकों, आगंतुकों और सिटी के निवासियों को सीबीडी में आने, रहने और खेलने को प्रोत्साहित करने के मक़सद से नाइट मार्केट बनाने पर विचार कर रही है।

नाइट मार्केट कितनी बार आयोजित होगा और यह किस किस समय पर खुला होगा?

काउंसिल छह महीने के लिए एक नाइट मार्केट का परीक्षण करने पर विचार कर रही है, संभवतः हर महीने इसकी एक अलग थीम होगी। इस सामुदायिक परामर्श में यह समझने का प्रयास किया जा रहा है कि सिटी के निवासियों, श्रमिकों और आगंतुकों को किस प्रकार के मार्केट सबसे ज़्यादा लुभाएंगे और हमारा समुदाय सप्ताह के किस दिन और किस समय पर नाइट मार्केट का आयोजन चाहता है।

मेरी प्रतिक्रिया काउंसिल के निर्णय को कैसे प्रभावित करेगी?

पैरामाटा सिटी को ऐसे आयोजन करने की आशा है जो हमारे समुदाय को आकर्षित करें और हमारी सड़कों को रंगीन और जीवंत बनाएं। हम पैरामाटा सीबीडी में एक नाइट मार्केट के विचार का परीक्षण करना चाहते हैं। यदि इस प्रकार के आयोजन को व्यापक समुदाय का समर्थन मिलता है, तो हम संभावित रूप से आपकी पसंद के अनुसार मार्केट का परीक्षण करेंगे, जिसमें आकर आप इसका आनंद ले सकेंगे। हम संभावित थीम सहित प्रमुख विशेषताओं पर विचार करने के लिए समुदाय से उनके विचार जानना चाहते हैं - कि वे किस प्रकार के स्टाल देखना चाहते हैं, मार्केट किस स्थान पर और सप्ताह के किस दिन और किस समय आयोजित किया जाना चाहिए। समुदाय से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर, काउंसिल अक्टूबर 2019 से नाइट मार्केट का छह महीने का परीक्षण शुरू कर सकती है और/या सांझ और शाम के अन्य कार्यक्रमों के बारे में सामुदायिक परामर्श शुरू कर सकती है।

मार्केट कहाँ लगेगा?

काउंसिल पैरामाटा नाइट मार्केट के लिए चार संभावित स्थानों पर विचार कर रही है। इस सामुदायिक परामर्श में यह समझने का प्रयास किया जा रहा है कि लोग किस स्थान को और क्यों पसंद करेंगे। काउंसिल संभावित स्थलों के तौर पर सेंटेनरी स्क्वायर, जुबली पार्क, प्रिंस अल्फ्रेड स्क्वायर और पैरामाटा नदी के किनारे के क्षेत्रों पर विचार कर रही है।



मेरा एक व्यापार है और मैं पैरामाटा नाइट मार्केट में स्टाल लगाने में दिलचस्पी रखता हूँ। मुझे किससे बात करनी चाहिए?

पैरामाटा सिटी में अक्टूबर 2019 से कई नाइट मार्केटों के आयोजन पर विचार हो रहा है। यदि आप एक स्टाल लगाने में अपनी रुचि दर्ज करना चाहते हैं, तो कृपया प्रोजेक्ट टीम को parranightmarket@cityofparramatta.nsw.gov.au पर ईमेल करें या फिर (02) 9806 5050 पर कॉल करें।

इस प्रोजेक्ट पर मैं अपनी प्रतिक्रिया काउंसिल को कैसे दे सकता हूँ?

आप अपने विचार **oursay.org/cityofparramatta** पर 'अपनी बात कहें' बटन पर क्लिक कर हमसे साझा कर सकते हैं। आप यह सर्वे हिंदी में देख और भर पाएंगे।

CITY OF PARRAMATTA